भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +3583
सोमवार, 16 मार्च, 2020/26 फाल्गुन, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

मुर्शिदाबाद में पर्यटन विकास हेतु आवंटित निधि

+3583. श्री खलीलुर रहमानः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में विरासत पर्यटन स्थल को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पहल की गई है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान पर्यटन विकास के लिए मुर्शिदाबाद को आवंटित की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मुर्शिदाबाद में पर्यटन विकास के लिए पश्चिम बंगाल सरकार ने कोई प्रस्ताव भेजा है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय एक सुनियोजित एवं प्राथमिकता प्रदत्त तरीके से स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत देश में थीमेटिक परिपथों का विकास कर रहा है । इस योजना के अंतर्गत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है । मंत्रालय को राज्य सरकार से मुर्शिदाबाद के विकास से संबंधित कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ । पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष **2015-16** में **85.39** करोड़ रु. की राशि से पश्चिम बंगाल में तटीय परिपथ : उदयपुर- दीघा- शंकरपुर- ताजपुर- मंदारमनी- फ्रेजरगंज-बख्लाई के विकास को स्वीकृति दी है ।

****